>

Title: Need to restart Kendriya Vidyalaya in Garha, Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर की आबादी 20 लाख के करीब है और सेना तथा आयुध निर्माण उत्पादन की पांच बड़ी इकाइयों सहित अनेकों केन्द्रीय शासन के कार्यालय हैं जिसके कारण नए केन्द्रीय विद्यालय की मांग वर्षों से बनी हुई है। अनेकों बार मांग करने के बाद यहां के उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा में एक नया केन्द्रीय विद्यालय खोला जाना मंजूर हुआ। स्थानीय प्रशासन के माध्यम से अस्थायी तौर पर यहां की एक शासकीय शाला के छः कमरों में नए केन्द्रीय विद्यालय को शुरू तो कर दिया गया किंतु शाला भवन न होने के कारण विगत दो वर्षों से इस विद्यालय में छात्रों को प्रवेश देना बंद कर दिया गया है। विद्यालय का सुचारू रूप से संचालन हो सके इसकी स्थायी व्यवस्था के लिए नए भवन के निर्माण हेतु राज्य शासन ने भूमि भी उपलब्ध करा दी है। किंतु आज चार वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी इस शाला के लिए नए भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। केन्द्र द्वारा इसके लिए चिन्हित भूमि के विवादित होने का कारण बताया जा रहा है। महोदया जी, मैं आपको बताना चाहूंगा कि जिस भूमि को विवादित बताया जा रहा है वह कुल भूमि का मात्र एक छोटा भाग है जबकि शेष भू-भाग गैर-विवादित है जिस पर भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है। इस अनदेखी के कारण जिन छात्रों को प्रारंभ में प्रवेश दिया गया है उनका भविष्य अधर में है। साथ ही ऐसे छात्र जो दूरी के कारण अन्य केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश नहीं ले पाते हैं। अपने क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय खुलने के बावजूद भी इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

मेरा आग्रह है कि केन्द्र शासन इस दिशा में सार्थक कदम उठाए और बंद किए गए प्रवेश को शुरू करे साथ ही राज्य द्वारा प्रदत्त भूमि पर शीघ्र ही नए शाला भवन का निर्माण कराए ताकि क्षेत्रीय विद्यार्थियों को इस विद्यालय में प्रवेश मिल सके।